दिनांक 02.03.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सण्डे मार्केट सुपेला को व्यवस्थित करने व्यपारियों का सहयोग आवश्यक-आयुक्त ध्रुव

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा सुपेला घड़ी चौक से गदा चौक तक लगने वाले सण्डे मार्केट को व्यवस्थित करने एवं यातायात को सुगम बनाने निगम की टीम मार्केट क्षेत्र में लगातार मुनादी एवं दुकानदारो को समझाईस दे रही है

निगम के जोन कार्यालय नेहरू नगर एवं वैशालीनगर की टीम ने शनिवार को मार्केट क्षेत्र में सड़क के दोनो किनारे फिर चुना मार्किग किया और व्यापारियो को समझाईस दिये है कि लाईनिंग के बाहर कोई भी दुकानदार अपने विक्रय वस्तु को प्रदर्शन के लिए न लगाये अपने सामानो को निगम द्वारा आबंटित दुकान के क्षेत्र में रखे इसी प्रकार सड़क पर लगने वाले पसरा , ठेला, खोमचे के फुटकर व्यापारियो से भी कहा है कि कोई भी व्यापार सड़क पर न करे जिससे यातायात प्रभावित हो। निगम द्वारा सण्डे मार्केट क्षेत्र मे इस आशय का मुनादी भी करवाया जा रहा है।

रविवार 3 मार्च को भी निगम का राजस्व व स्वास्थ्य अमला , जोन आयुक्त के नेतृत्व में घड़ी चौक से गदा चौक तक दुकान के बाहर फैले सामान तथा सड़क पर लगने वाले ठेले , खोमचे की जाॅच के लिए निकलेगी।

आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने व्यापारियो से अपील करते हुए कहा है कि निगम द्वारा यातायात को सुगम बनाने एवं मार्केट क्षेत्र को व्यवस्थित करने लगातार प्रयास किया जा रहा है , जिसमे व्यापारियो का सहयोग आवश्यक है। ताकि जन सामान्य को आवागमन में किसी तरह की कोई असुविधा न हो।

\